BINOD BIHARI MAHTO KOYALANCHAL UNIVERSITY

Dhanbad- 828130

E-mail:- registrarbbmku@gmail.com

पत्रांक: BBMKU/DSW/R / 1715 /2023, धनबाद, दिनांक: 16/10/2023

प्रेषक:

कुलसचिव
बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद।

सेवा में,

सभी विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग।
प्राचार्या / प्राचार्य सभी महाविद्यालय, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद अंतर्गत।

विषय: Apprenticeship Portal पर छात्र / छात्राओं का निबंध कराने के संबंध में।

प्रसंग: निदेशक, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग का पत्र- सं. सं. -05 / प्रशि. (शिक्षु) -01-2023/1566, दिनांक – 05.10.2023।

महाशया / महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में कहना है कि "Apprenticeship Act 1961" के अंतर्गत राज्य के निबंधित उपक्रम (MSME/Manufacturing Sector/ Service Sector / एवं अन्य सभी प्रकार के प्रतिष्ठान / उपक्रम यथा होटल / रेस्टोरेंट / शॉपिंग मॉल / हॉस्पिटल / कोचिंग सेन्टर / ऑथोराइज्ड सर्विस सेन्टर / बैंक इत्यादि द्वारा तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई.टी.आई./डिप्लोमा / इंजीनियरिंग / Short term skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5 वीं से स्नातक आदि) को Designated/optional व्यवसायों में प्रशिक्षण कराया जाता है। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षुओं को प्रति माह 5000-9000/- छात्रवृति प्रदान की जाती है, तथा सफल प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है, जो भविष्य में सफल कैरियर हेतु सहायक होते है।

सचिव (श्रम) के निदेशानुसार योजना का लाभ विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों तक पहुंचाने के लिए छात्रों का निबंधन Apprenticeship Portal – (https://www.apprenticeshipindia.gov.in/login) पर कराया जाना आवश्यक है।

अतः प्रसंगाधीन पत्र की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि उक्त योजना का लाभ हमारे विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों और महाविद्यालयों के छात्रों को प्राप्त हो सके इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन

16/10/2023

कुलसचिव
बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल
विश्वविद्यालय, धनबाद।

13/10/2023